राज्यपाल सचिवालय, बिहार
राजभवन, पटना–800022
प्रेस–विज्ञप्ति

राजभवन में 'बिहार राज्य बाल कल्याण परिषद्' की बैठक सम्पन्न हुई

पटना, 09 अगस्त 2017

महामहिम राज्यपाल श्री केशरी नाथ त्रिपाठी की अध्यक्षता में राजभवन संचालित 'बिहार राज्य बाल कल्याण परिषद्,' की बैठक सभा–कक्ष में सम्पन्न हुई।

बैठक में सर्वसम्मत यह निर्णय लिया गया कि आगामी 'बाल दिवस' (14 नवम्बर) को 'बाल दिवस समारोह' राजभवन परिसर में आयोजित किया जाएगा। राज्यपाल श्री त्रिपाठी ने प्रधान सचिव को निदेश दिया कि बाल कल्याण परिषद् के पदाधिकारियों एवं सदस्यों आदि के साथ मिलकर 'बाल दिवस' के आयोजन की रूपरेखा तैयार की जाए एवं इस अवसर पर सार्थक एवं भव्य कार्यक्रम संयोजित किए जाएँ।

बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि बाल कल्याण परिषद् द्वारा राज्यस्तरीय 'वीरता पुरस्कार' प्रत्येक वर्ष प्रदान करने हेतु नियमावली तैयार करायी जाए, ताकि साहसी बालक–बालिकाओं को 'वीरता पुरस्कार' के लिए चयनित कर उन्हें पुरस्कृत किया जा सके।

बैठक में परिषद् के अन्तर्गत संचालित बिरसा भवन, आर॰ब्लॉक स्थित 'मंदबुद्धि शिशु संस्थान' के समग्र विकास के लिए भी कार्य–योजना तैयार करने का निर्णय लिया गया।

आज आयोजित बैठक में राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री ब्रजेश मेहरोत्रा, समाज कल्याण विभाग के प्रधान सचिव श्री अतुल प्रसाद, वित्त विभाग के अपर सचिव, स्वास्थ्य विभाग के निदेशक–प्रमुख, परिषद् के उपाध्यक्ष श्री अजित कुमार सिंह एवं अन्य पदाधिकारीगण तथा राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

....